12 - SEP- BSP- P-3_Layout 1 9/12/2025 12:46 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 25.3 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 13 सितंबर 2025



मोडिफाइड सायलेंसर लगी बुलेट पर सवार पुलिसकर्मी



## खबर संक्षेप

### मुख्य डाकघर में डाक अदालत 22 को

**बिलासपुर।** भारतीय डाक विभाग ने जन समस्याओं के निवारण के तत्वावधान में 22 सितम्बर की सुबह 11 बजे कार्यालय अधीक्षक डाकघर बिलासपुर संभाग में डाक अदालत का आयोजन किया गया है। इसमें उपभोक्ताओं की समस्याओं की सुनवाई के बाद उनका निराकरण किया जाएगा। इस दौरान काउंटर सेवा, मनी आर्डर, बचत बैंक, मूल्य देय वस्तुएं, डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा, स्पीड पोस्ट वस्तुएं व विदेशी डाक वस्तुएं आदि से जुड़ी समस्याओं की की सुनवाई होगी। इस दौरान किसी उपभोक्ताओं को मामले की शिकायत के बाद संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो वह शिकायत का ब्यौरा 19 सितम्बर तक कार्यालय अधीक्षक डाकघर बिलासपुर संभाग को प्रेषित कर सकते हैं।

### राज्य अलंकरण के लिए आवेदन 22 तक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के अवसर पर पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान, यतियतन लाल सम्मान एवं महाराजा अग्रसेन सम्मान से सम्मानित करने के लिए जिला प्रशासन ने पात्र व्यक्तियों एवं संस्थाओं से 22 सितम्बर शाम 5.30 बजे तक आवेदन मंगाए हैं। आवेदक जिस जिले का निवासी हो उस जिले के कलेक्टर को अपनी प्रविष्टि निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रस्तुत करना होगा। चयनित व्यक्ति एवं संस्थाओं को पुरस्कार की राशि दो लाख रूपए नगद, सम्मान प्रतीक चिन्ह से युक्त पट्टिका एवं प्रमाण पत्र भी प्रशस्ति के रूप में दी जाएगी। अहिंसा एवं गौ रक्षा के क्षेत्र में किये गये अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए यतियतन लाल सम्मान, सामाजिक आर्थिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में किये गये अभिनव प्रयास के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान प्रदान किया जाता है।

### वृद्धजन दिवस मनाने बैठक होगी 15 को

**बिलासपुर।** प्रति वर्ष की भांति इस साल भी जिले में 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जाएगा। जिला स्तरीय आयोजन की रूपरेखा तैयार करने के लिए 15 सितम्बर को अपरान्ह 3 बजे ओल्ड कम्पोजिट बिल्डिंग कक्ष क्रमांक 4 स्थित संयुक्त संचालक समाज कल्याण कार्यालय में बैठक आयोजित की गई है। वरिष्ठ नागरिकों हेतु संचालित समाज सेवी संस्थाएं, पेंशनर संगठन एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं को बैठक में आमंत्रित किया गया है। समारोह में 1 अक्टूबर को वृद्धजनों का सम्मान के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वास्थ्य परीक्षण, वित्तीय संरक्षण कार्यशाला, माता पिता भरण अधिनियम 2007 तथा खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन के संबंध में विचार विमर्श किया जाएगा। संयुक्त संचालक टीपी भावे ने बैठक में शामिल होने अधिकाधिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को अनुरोध किया है।

### जिले में अब तक 1014.5 मिमी. बारिश

**बिलासपुर।** जिले में चालू खरीफ मौसम में अब तक 1014.5 मि.मी. बारिश दर्ज की गई है, जो कि पिछले 10 वर्ष के औसत बारिश 948.9 मि.मी. से 65.6 मिमी अधिक है। अधीक्षक भू अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार सबसे अधिक बारिश 1250.8 मिमी तखतपुर तहसील में और सबसे कम बारिश 763.4 मिमी कोटा में रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार बिलासपुर तहसील में 1186 मिमी, बिल्हा तहसील में 970.5 मिमी, मस्तूरी में 920.5 मिमी, सीपत में 953 मिमी, बोदरी में 975.5 मिमी, बेलगहना में 1188.7 मिमी, बेलतरा में 968 मिमी, रतनपुर में 998.4 मिमी, सकरी में 1115 मिमी और पचपेड़ी तहसील में 884.5 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1202.3 मिमी है।

# सफल लोग शॉर्टकट नहीं अपनाते, करते हैं कड़ी मेहनत : स्टीव वॉ

## एसईसीएल में कोल इंडिया गोल्डन जुबली लेक्चर सिरीज में शामिल हुए आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेट कप्तान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल में शुक्रवार को कोल इंडिया गोल्डन जुबली लेक्चर सिरीज एवं एसईसीएल रूबी जुबली का आयोजन किया गया। इसमें विश्व प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी व ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेट कप्तान, वर्ल्ड कप विजेता एवं समाजसेवी स्टीव वॉ ने प्रेरक व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि सफल लोग न कभी बहाने नहीं बनाते हैं और न ही शॉर्टकट अपनाते हैं, वे हमेशा अतिरिक्त प्रयास करते हैं और कठिन मेहनत करने के लिए तैयार रहते हैं।



कार्यक्रम में श्री वा ने बताया कि बतौर कप्तान उनकी फिलॉसफी रही कि सभी को समान रूप से, लेकिन अलग-अलग तरीके से ट्रीट करना चाहिए। इसका अर्थ यह था कि अनुशासन और आपसी सम्मान जैसी बुनियादी बातें सभी के लिए समान हों, लेकिन हर व्यक्ति को अपनी अनूठी शैली में खेलने और प्रदर्शन करने का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने सफलता के लिए 3पी- प्रेशर, पार्टनरशिप और पेशेंस दबाव, साझेदारी और धैर्य को महत्वपूर्ण बताया। स्टीव वॉ ने टीम एसईसीएल की एकजुटता, आत्मविश्वास और ऊर्जा सुरक्षा में किए जा रहे योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वे प्रत्येक व्यक्ति में गर्व और समर्पण की झलक देख पा रहे हैं।



### एसईसीएल के लिए गौरव का क्षण

कार्यक्रम में निदेशक कार्मिक बिरंची दास ने कहा कि आज टीम एसईसीएल के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि हमें एक ऐसे महान शख्सियत से प्रेरणा लेने का अवसर मिला है जो न केवल खेल के क्षेत्र में अपितु समाजसेवा में भी अग्रणी रहे हैं। टीम एसईसीएल निश्चित ही श्री वॉ द्वारा बताए गए सूत्रों से प्रेरित होगी। गौरतलब है कि कोल इंडिया के 50 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में गोल्डन जुबली लेक्चर सीरिज का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में यह आयोजन एसईसीएल द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

**इनकी रही उपस्थिति :** कार्यक्रम में निदेशक तकनीकी/संचालन एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक एचआर बिरंची दास, निदेशक वित्त डी सुनील कुमार, निदेशक तकनीकी/योजना एवं परियोजना आरसी महापात्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, जिला प्रशासन, रेलवे के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, यूनियन, सिस्टा, काउंसिल के प्रतिनिधि, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उद्घोषणा का दायित्व उप-प्रबंधक ईएंडएम सी अनुराधा ने निभाया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन उप-महाप्रबंधक मनीष श्रीवास्तव ने किया।

## नदी किनारे बाउंड्री वाल बनेगी, सड़क का कटाव रोकने में मदद मिलेगी

# नहीं टूटेगा रिवर व्यू, सिम्स के पास से मोड़ी जा रही स्मार्ट सड़क



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अरपा के दोनों किनारों पर बन रहे फोरलेन सड़क का एस्टीमेट 93.70 करोड़ से बढ़कर 140 करोड़ के पार हो गया है, लेकिन चार साल से काम अधूरा है। अब एक बार फिर पुराने पुल से गोंड़पारा से होते हुए शनिचरी रपटा तक काम जो कि दो साल से से बंद है उसे शुरू किया गया है। अब तय किया गया है इस सड़क को पुराने अरपा पुल तक नहीं जोड़ा जाएगा और सिम्स के पीछे बने रिवर व्यू तक ही इस सड़क को मिलाकर छोड़ दिया जाएगा। इससे रिवर व्यू को तोड़ने की नौबत नहीं आएगी। बड़ी बात कि ठेकेदार को 150 मीटर तक सड़क नहीं बनानी होगी। निगम इसे पूराना प्लान ही बता रहा है।

निगम के मुताबिक रिवर व्यू से पुराने पुल तक सड़क पहले ही बनाई जा चुकी है। दूसरी ओर जाहिर सी बात है रिवर व्यू तक यदि सड़क बनती है तो इसे सिम्स के पीछे बने नीम के बड़े पेड़ के पास से मोड़ना होगा और यह स्मार्ट सड़क टेढ़ी मेढ़ी बनेगी। फिलहाल सड़क को समतल करने की कोशिश की जा रही है। इसके साथ ही नदी में जमा सिल्ट मशीनों की मदद से हटाया जा रहा। पटाई के बाद सड़क को समतल किया जाएगा ताकि वह वाहनों के आवागमन के लायक बन सके। इसके बाद नदी किनारे बाउंड्री वॉल बनाई जाएगी, जिससे सड़क का कटाव रोकने मदद मिलेगी और लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

### लाखों में बनी चौपाटी को शिफ्ट करना पड़ा

ज्ञात हो कि लाखों रुपए खर्च कर अरपा रिवर व्यू रोड पर बनाई गई चौपाटी इस नई सड़क और नाला निर्माण की जद में आ गई थी। यहां लगाए गए टीन शेड को निगम ने तोड़ने के साथ ही गुपचुप और फास्ट फूड के ठेलों को भी हटाते हुए गोंड़पारा में ही नई जगह पर आगे शिफ्ट किया है। ज्ञात हो कि राज्य गठन के बाद साल 2000 में सिम्स मेडिकल कालेज की स्थापना की गई। इस दौरान गोड़पारा तक की जमीन सिम्स अस्पताल की मान्यता के लिए निर्धारित मापदंड पूरा करने के लिए शासन ने हस्तांतरित कर दी गई। इसके विकल्प के तौर पर नदी किनारे मिट्टी पाटकर 2013 में दो करोड़ की लागत से नई रोड बनाई गई, इसे रिवर व्यू रोड का नाम दिया गया था।



■ सिम्स के पीछे बने नीम के बड़े पेड़ के पास से सड़क को मोड़ा जाएगा

### पुराने पुल से रपटा तक बनेगी सड़क

अरपा के दोनों किनारों पर 1800-1800 मीटर फोरलेन रोड के निर्माण के लिए साल 2021 में 94 करोड़ का वर्क आर्डर किया गया था। इसका काम फरवरी 2023 तक पूर्ण हो जाना था, लेकिन दो साल से अधिक की देरी हो चुकी है। जून 2025 भी गुजर रहा है लेकिन काम अधूरा ही है। लगातार हो रही देरी को देखते हुए बिलासपुर स्मार्ट सिटी प्रबंधन ने प्रोजेक्ट को जल्दी पूरा करने के लिए प्रथम चरण में इंदिरा सेतु से पुराने पुल तक नदी के दोनों किनारे 600-600 मीटर रोड निर्माण का टारगेट रखा। एक तरफ की सड़क बन गई है। अब पुराने पुल से रपटा तक सड़क बनाने का काम शुरू किया गया है।

### नहीं की जाएगी तोड़फोड़

अरपा किनारे सड़क का काम फिर से शुरू किया गया है। पुराने पुल से गोंड़पारा से होते हुए शनिचरी रपटा तक फिलहाल सड़क को समतल किया जा रहा है। इसके साथ ही नदी में जमा सिल्ट मशीनों की मदद से हटाया जा रहा। पटाई के बाद सड़क को समतल किया जाएगा ताकि वह वाहनों के आवागमन के लायक बन सके। सड़क को रिवर व्यू तक ही बनाया जाएगा। इससे तोड़फोड़ की नौबत नहीं आएगी।

- **राजकुमार मिश्रा,** चीफ इंजीनियर, नगर निगम

## एमआईसी मेंबर ने निगम आयुक्त से की शिकायत

# संपदा अधिकारी पर लगाया कबाड़ चोरी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम में लगता है सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। तोरवा क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 41 में रखे गए काउ केचर की चोरी कर लिया गया है तो तिफरा क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली गायब हो गई है। इसे भी गैस कटर से काटकर बेचने की शिकायत निगम आयुक्त से की गई है। इसके साथ ही सिरगिट्टी क्षेत्र में कबाड़ को बिना किसी अधिकारी की अनुमति के बेच दिया गया है। मामले में निगम आयुक्त ने जांच बिठाई है तो काउ केचर चोरी की तोरवा थाने में एफआईआर दर्ज करा दी गई है।

एमआईसी सदस्य और भाजपा नेत्री सीमा संजू सिंह ने पूर्व तिफरा जोन कमिश्नर, एवं वर्तमान संपदा व स्वास्थ्य अधिकारी प्रवेश कश्यप पर गंभीर आरोप लगाया है। मामलें में निगम आयुक्त से शिकायत की गई है। इसमें कहा गया है कि तिफरा क्षेत्र में लाखों रुपये कीमत के उपकरण-जेसीबी, ट्रैक्टर-ट्राली और पानी टैंकर को कबाड़ के भाव बेच दिया गया। यह मामला न केवल प्रशासनिक लापरवाही बल्कि सरकारी संपत्ति की खुलेआम लूट है। सीमा संजू सिंह ने बताया कि ये उपकरण मरम्मत के लिए भेजे गए थे, लेकिन 7 से 8 महीने बीत जाने के बाद भी वापस नहीं आए हैं।



■ वार्ड क्रमांक 41 में रखे गए काउ केचर की चोरी एफआईआर दर्ज

### अच्छी हालत में था टैंकर फिर भी कबाड़ में बेचा

पार्षद श्रीमती सीमा संजय सिंह के मुताबिक बार-बार पूछे जाने पर अधिकारियों ने यही जवाब दिया कि उपकरण मरम्मत के लिए भेजे गए हैं। पता लगाने का प्रयास किया गया कि कि आखिर उपकरण किस जगह मरम्मत के लिए भेजे गए, तो कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। शिकायत में सीमा संजू सिंह ने पुख्ता जानकारी का हवाला देते हुए कहा, कि करोड़ों का सामान को लाखों का कबाड़ बनाकर बिना किसी सूचना के औने पौने दाम में भेज दिया गया। यह सीधे तौर पर सरकारी संपत्ति की चोरी है। उपकरण पूरी तरह उपयोग योग्य थे, फिर भी उन्हें कबाड़ के भाव बेच दिया गया। टैंकर की हालत इतनी अच्छी थी कि उससे तीफरा क्षेत्र में जल आपूर्ति की जाती थी। उनके मुताबिक ट्रैक्टर ट्राली को 7 लाख में खरीदा गया था।

### जांच कराई जा रही

तिफरा और सिरगिट्टी में शिकायत के मामले में जांच कराई जा रही है। तोरवा क्षेत्र में काउ केचर चोरी हुई है। इसकी एफआईआर दर्ज करा दी गई है।

- **अमित कुमार**, निगम कमिश्नर

### गलत हैं आरोप

यह आरोप पूरी तरह गलत है। इस मामले में पहले भी जांच हो चुकी है। सभी गाड़ियों के पार्टस पंप हाउस में रखे गए हैं। जिस ट्रैक्टर ट्राली की चोरी की बात हो रही है वह अभी भी तिफरा क्षेत्र में पानी सप्लाई में उपयोग किया जा रहा है।

- **प्रवेश कश्यप,** संपदा अधिकारी

# पेण्ड्रारोड-बिलासपुर ट्रेन लेट क्यों हो रहीं, रेलवे जीएम ने किया निरीक्षण

**बिलासपुर।** पेण्ड्रारोड से बिलासपुर के बीच चलने वाली अप-डाउन एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों की लेट लतीफी के कारण यात्री परेशान हो रहे हैं। इसे चेक करने के लिए जीएम तरूण प्रकाश ने दोनों स्टेशन के बीच पहुंचकर सिग्नल और अन्य निर्माण कार्यों को चेक करने के बाद किए जा रहे कार्यों को जल्द पूरा करने और ट्रेन परिचालन में सुधार लाने अधिकारियों को निर्देशित किया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी महत्वपूर्ण शहरों को रेल मार्ग द्वारा उत्तर भारत से जोड़ने वाली बिलासपुर-कटनी मार्ग पर तीसरी लाइन परियोजना को 2311.02 करोड़ रुपए की लागत लगाकर 165.52 किलोमीटर का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। वर्तमान में अब इस सेक्शन में पेण्ड्रारोड से कटनी तक तीसरी लाइन पूरी हो गई है। पिछले कई वर्षों से लाइन का निर्माण कार्य और स्टेशनों से जोड़ने की वजह से यात्री ट्रेनों को भी रद्द किया गया था। कटनी सेक्शन के बीच बनाई गई तीसरी लाइन के अलावा इलेक्ट्रिफिकेशन व अन्य कार्य किए गए हैं। 2311.02 करोड़ रुपए की लागत से 165.52 किलोमीटर तक बनाई गई तीसरी लाइन को 17 स्टेशन से जोड़ा गया है, जिसमें 1 जंक्शन स्टेशन अनूपपुर और दो यात्री हॉल्ट सिंहपुर और विलायतकला है। इसमें 27 बड़े पुल और 108 छोटे पुल निर्माण किए गए हैं। इसके अतिरिक्त एक रेलवे ओवरब्रिज और 16 अंडरब्रिज का भी निर्माण किया गया है। पेण्ड्रारोड से कटनी मुरवारा तक तीसरी लाइन बनने के बाद ट्रेनों के परिचालन में कुछ सुधार तो आया है, लेकिन वर्तमान में बिलासपुर से पेण्ड्रारोड स्टेशन के बीच में ट्रेनों के आवागमन की समय-सारिणी बिगड़ी हुई है। इन दोनों स्टेशन के बीच अभी भी दोहरी लाइन पर गाड़ियां चल रही है, जिसमें मालगाड़ियों को चलाने के लिए यात्री ट्रेनों को कहीं भी किसी भी जगह घंटो नियंत्रित करना पड़ रहा है। यात्रियों को होने वाली परेशानी और ट्रेनों के समय पर परिचालन करने को लेकर अब बिलासपुर से पेण्ड्रारोड स्टेशन के बीच तीसरी लाइन का कार्य भी सेंक्शन हो गया है, जिसकी लागत करीब 2 हजार करोड़ रुपए है। इस कार्य की शुरुआत अब तक नहीं हो सकी है। यात्रियों को प्रतिदिन काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### जीएम पहुंचे निरीक्षण में

शुक्रवार की सुबह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने बिलासपुर-पेण्ड्रारोड रेलखंड का विस्तृत संरक्षा निरीक्षण करते हुए विभिन्न स्टेशन एवं मध्यवर्ती खंड का गहन अवलोकन करते हुए यात्री सुरक्षा एवं रेल परिचालन से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए सिग्नल, रेल लाइन सहित अन्य कार्यो को भी चेक किया। इस दौरान उनके साथ बिलासपुर रेल मंडल के डीआरएम राजमल खोईवाल, प्रधान मुख्य इंजीनियर, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी आरएसपी, प्रधान मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता सहित मंडल के शाखा अधिकारी व स्टाफ मौजूद थे।

### सलकारोड-करगीरोड के बीच तीसरी लाइन का कार्य

महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने करगीरोड स्टेशन में स्टेशन परिसर, पेनल रूम, स्वच्छता के साथ ही स्लीपर प्लांट, सलकारोड स्टेशन का निरीक्षण, बेलगहना रेलवे स्टेशन में यार्ड, क्रासिंग का संरक्षा निरीक्षण के साथ सिग्नल इंटरलाकिंग प्वांइट्स आदि का बारिकी से करने के बाद सलकारोड–करगीरोड तीसरी रेल लाइन के निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण करते हुए पेंड्रारोड स्टेशन पहुंचे। पेंड्रारोड स्टेशन में उन्होने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित हो रहे यात्री सुविधाओं से जुड़े निर्माण एवं उन्नयन कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने स्टेशन परिसर, सर्कुलेटिंग एरिया, क्रू लॉबी तथा निर्माणाधीन ढाँचागत कार्यों के प्रगति की समीक्षा करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। खोडरी स्टेशन में सर्कुलेटिंग एरिया, पैनल रूम आदि का संरक्षा निरीक्षण किये। तत्पश्चात डाउन लाइन में स्थित टनल का बारीकी से संरक्षा निरीक्षण एवं टनल के पास स्थित रेलवे ब्रिज का भी परीक्षण किया। महाप्रबंधक ने निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों से तकनीकी एवं परिचालन संबंधी बिंदुओं पर चर्चा कर कार्यों और ट्रेन परिचालन में गति लाने के निर्देशित किया है।

**खबर संक्षेप**

## बर्जेस स्कूल में किया गया स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम



**बिलासपुर।** भारतीय अर्थव्यवस्था को विश्व की बड़ी अर्थिक शक्ति बनाने हेतु बर्जेस हायर सेकंडरी स्कूल हिन्दी मीडियम स्कूल में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें श्रीमती शोभा कश्यप ने विषय की प्रस्तावना रखी। जिला संयोजक नारायण गोस्वामी ने बच्चों को बताया कि हमें कैसे स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बना जा सकता है और हमें नौकरी करने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बनना है। नौकरी के अवसर बहुत कम होते हैं। इसके लिए हम स्वयं के रोजगार से दूसरों को रोजगार के अवसर प्रदान करें। शोभा कश्यप ने बच्चों को संकल्प दिलाया। मीना गोस्वामी व पूनम श्रीवास ने स्वदेशी के नारे लगवाए व स्वदेशी चीजों की जानकारी दी। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य व शिक्षकों ने सहयोग किया व कार्यक्रम की सराहना की।

## विसर्जन रोकने के खिलाफ अरपा मईया समिति का धरना




**बिलासपुर।** पचरीघाट में वर्षों पुरानी विसर्जन की प्रक्रिया को रोकने के खिलाफ अरपा मईया भक्तजन समिति ने विरोध करना शुरु कर दिया है। समिति का कहना है कि पचरीघाट में विसर्जन की परंपरा 150 वर्ष पुरानी है, जिसे प्रशासन समाप्त करने का प्रयास कर रहा है। समिति के अविनाश बोलर ने बताया कि पचरीघाट को बड़ा बनाने की मांग हमेशा से रही है। वर्तमान में गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन छठघाट में प्रशासन ने जबरदस्ती कराया। इसके विरोध में अनिश्चिकालीन रात्रिकालीन धरना प्रदर्शन शुरु किया गया है। शासन से मांग की गई है कि पचरीघाट में प्रतिमाओं का विसर्जन पुनः प्रारंभ करें और भव्य पचरीघाट का निर्माण किया जाए। धरना प्रदर्शन में सालिकराम गुप्ता, दीपक थवाईत, गोपाल गुप्ता, गजेन्द्र श्रीवास्तव, निलेश मांडेवार, प्रतीक तिवारी, सौमित्र रावत, विकास केंवट, साहिल गुप्ता, गगन थवाईत आदि मौजूद थे।

### आटो चालकों की मनमानी पर लगाम कसने के लिए बनाई गई थी योजना

# धरातल पर आने से पहले कागजों में बंद हो गई बिलासपुर-उसलापुर के बीच बस सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर और बिलासपुर स्टेशन के बीच आनें-जाने वाले यात्रियों को निःशुल्क एसी बस की सुविधा देने की योजना रेल प्रशासन ने बनाई थी, जो धरातल पर आने से पहले ही कागजों में बंद हो चुकी है। यह योजना जनप्रतिनिधियों की मांग और आटो चालकों की मनमानी व दादागिरी को देखते हुए बनाई गई थी, ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन हावड़ा से मुम्बई की ओर जाने वाली ट्रेनों के अलावा अन्य मेट्रो स्टेशन के लिए एक्सप्रेस, मेल, दूरंतो, वंदेभारत का परिचालन किया जाता है। वहीं गोंदिया, दुर्ग, रायपुर से कटनी की ओर सभी गाड़ियों को उसलापुर रेलवे स्टेशन से डायवर्ट कर




दिया गया है। रेलवे ने दुर्ग, गोंदिया से बिलासपुर आने वाली डायवर्ट करने का निर्णय इसलिए लिया है, क्योंकि ट्रेन के बिलासपुर स्टेशन पर आने के बाद बार-बार इंजन चेंज करने के झंझट में ट्रेनों की समय-सारिणी प्रभावित होती थी। बिलासपुर आने वाली चार मुख्य ट्रेनों में दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस, दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस, दुर्ग-जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर एक्सप्रेस और दुर्ग-निजामुद्दीन संपर्कक्रांति एक्सप्रेस शामिल हैं। इन ट्रेनों के उसलापुर रेलवे स्टेशन से चलने के कारण बिलासपुर स्टेशन के करीब 7 हजार से अधिक यात्री भी डायवर्ट हो चुके हैं। कटनी, शहडोल, अनूपपुर, पेण्ड्रा के यात्रियों को अगर हावड़ा या फिर मुम्बई की ओर और रायगढ़, चांपा, कोरबा, झारसुगुड़ा के यात्रियों को प्रयागराज, बनारस, लखनऊ व कटनी रूट की ओर जाना होता है तो यात्रियों को बिलासपुर और उसलापुर स्टेशन तक की दौड़ लगानी पड़ती है। इसका सबसे अधिक फायदा आटो चालक उठाते हैं। उसलापुर से बिलासपुर हो या फिर बिलासपुर स्टेशन से उसलापुर स्टेशन तक यात्रियों को छोड़ने के लिए आटो चालक 200 से 400 रुपए तक वसूल करते हैं। आटो चालकों की मनमानी कीमत यात्रियों को मजबूरी में देना पड़ता है। आटो चालकों की मनमानी और दादागिरी के कारण यात्री के साथ रेल प्रशासन के अफसर भी काफी परेशान हो चुके हैं।

### आटो चालकों से होती है परेशानी

रेल अफसरों के अनुसार आटो चालकों से बिलासपुर के साथ उसलापुर स्टेशन में यात्रियों को काफी परेशानी है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ जेडआरयूसीसी, डीआरयूसीसी की मीटिंग में आटो चालकों की दादागिरी से यात्रियों के परेशानी के संबंध में कई बार चर्चा की गई थी। इसे रोकने के लिए उसलापुर रेलवे स्टेशन में बेरियर लगाने का काम भी कर दिया गया है, लेकिन आटो चालक वहां भी किराया देने को तैयार नहीं है। इसके कारण एक निःशुल्क एसी बस चलाने का निर्णय लिया गया था, ताकि यात्री उसलापुर से बिलासपुर फ्री में आना-जाना कर सकें। इसकी शुरुआत कुछ तकनीकी कारणों से नहीं हो सकी।

## कालेजों के विद्यार्थियों को मिलेगी आनलाइन पाठ्यक्रमों की सुविधा

**बिलासपुर।** एयू से संबद्ध कालेजों के विद्यार्थियों को अब आनलाइन स्वयं पोर्टल की सुविधा का लाभ मिलेगा। यूजीसी ने विद्यार्थियों को इस पोर्टल के माध्यम से 30 प्रतिशत अंक आनलाइन अध्ययन द्वारा अर्जित करने की सुविधा प्रदान की है, जबकि शेष 70 प्रतिशत अंक नियमित परीक्षा के माध्यम से प्राप्त होंगे।

- **आनलाइन कोर्सेस को लेकर एडवायजरी कमेटी की हुई मीटिंग**

आनलाइन पाठ्यक्रमों के संचालन को लेकर शुक्रवार को अटल यूनिवर्सिटी में कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में समिति के सदस्य रजिस्ट्रार तारणीश गौतम, परीक्षा नियंत्रक तरूणधर दीवान, डॉ. एचएस होता, डीएसव्हीजीके कलाधर, पीके पांडेय, आरएस खेर, उमेश श्रीवास्तव, किरण चौहान, डीएन शर्मा, अर्चना शुक्ला सहित नोडल अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि स्वयं पोर्टल भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण आनलाइन शिक्षा प्रदान करना है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा विकसित इस पोर्टल पर देश के प्रतिष्ठित संस्थान जैसे आईआईटी, आईआईएम और सीयू द्वारा तैयार किए गए पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। इस पोर्टल की विशेषता इसका लचीलापन है, जिससे छात्र अपनी सुविधा ओर गति से पढ़ाई कर सकते हैं। यह पोर्टल डिजिटल खाई को कम करने, मिश्रित शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने में सहायक है। हाल ही में यूजीसी द्वारा स्वयं पाठ्यक्रमों को क्रेडिट ट्रांसफर की मान्यता भी प्रदान की गई है, जिससे आनलाइन अध्ययन करने वाले छात्रों की परीक्षाओं का आयोजन यूनिवर्सिटी द्वारा मान्य किया जाएगा।

## ओपन यूनिवर्सिटी में 15 सितंबर तक बढ़ाई गई प्रवेश तिथि

**बिलासपुर।** पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। इससे पूर्व ओपन यूनिवर्सिटी में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक निर्धारित थी। ओपन यूनिवर्सिटी में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन करना होगा।



पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में विभिन्न कोर्स में प्रवेश शुरू गया है, ऐसे छात्र जो नौकरी करते हुए अपनी डिग्रियां बढ़ाना चाहते हैं, उनके लिए ओपन यूनिवर्सिटी काफी बेहतर विकल्प हो सकता है, क्योंकि ओपन यूनिवर्सिटी प्रदेश में एकमात्र दूरवर्ती शिक्षा की शासकीय यूनिवर्सिटी है, जिसकी डिग्री देशभर में मान्य है। यहां पर बीएस, बीएससी, बीलिब एंड आईएससी, एमए हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, शिक्षा, एमए छत्तीसगढ़ी, समाजशास्त्र, एमएसडब्ल्यू, एमकाम, एमएससी गणित, एमएससी कंप्यूटर साइंस, मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इनफार्मेशन साइंस, पीजी डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन, डिप्लोमा इन योग साइंस, डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिशन, डिप्लोमा इन साइकोलाजिकल गाइडेंस एंड काउंसिलिंग, रामचरित मानस में विज्ञान से सामाजिक उत्थान में डिप्लोमा शामिल है। ओपन यूनिवर्सिटी में प्रवेश प्रक्रिया आनलाइन होगी और प्रवेश शुल्क भी आनलाइन यूनिवर्सिटी के खाते में जमा करना होगा।

## भाजपा मंडल देवरीखुर्द की सेवा पखवाड़ा कार्यशाला

**बिलासपुर।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मंडल कार्यशाला का आयोजन भाजपा कार्यालय देवरीखुर्द में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री निखिल केशरवानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला में अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह रामधन रजक तथा भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सह कोषाध्यक्ष बीपी सिंह शामिल हुए। मुख्य अतिथि निखिल केशरवानी ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री के जन्मोत्सव से गांधी जयंती तक चलेगा, जिसमें समाज सेवा के विविध आयाम शामिल होंगे। रामधन रजक ने संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। किसान मोर्चा के प्रदेश सह कोषाध्यक्ष बीपी सिंह ने बताया कि सेवा पखवाड़ा समाज में सकारात्मक बदलाव का बड़ा अवसर है। कार्यक्रम की प्रस्तावना विस्तार से मंडल अध्यक्ष रवि बारगाह ने रखी और मंडल उपाध्यक्ष युगल किशोर झा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यशाला का संचालन मंडल महामंत्री कुसुमलता श्रीवास ने किया। इस अवसर पर मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## सूर्यघर के प्रचार वाहन को दिखाई हरी झण्डी

### सब्सिडी, आवेदन प्रक्रिया और लोन सुविधा की दी जाएगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाते कलेक्टर।

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी देने के लिए तीन विशेष प्रचार वाहन को रवाना किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने जिला कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया।

यह वाहन गांव-गांव और शहर-शहर जाकर लोगों को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी देंगे और सोलर पैनल लगवाने के लिए उन्हें प्रेरित करेंगे। योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को राज्य और केंद्र सरकार की ओर से दी जाने वाली सब्सिडी, आवेदन प्रक्रिया और लोन सुविधा की जानकारी भी लोगों को उपलब्ध कराई जाएगी। योजना का मुख्य उद्देश्य बिजली के मामले में लोगों को आत्मनिर्भर बनाना और बिजली बिल में बचत करना है। इससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। योजना को बिलासपुर जिले में अच्छी सफलता मिल रही है। बड़ी संख्या में लोग अब तक इस योजना का लाभ ले रहे है। इस अवसर पर सीएसईबी के ईडी अम्बस्ट, एसई एसके जांगड़े सहित जिला प्रशासन एवं बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बताया गया कि योजना के अंतर्गत अपने घर में 1 किलोवॉट का संयत्र लगाने पर 45 हजार, 2 किलोवॉट पर 90 हजार, 3 किलोवॉट पर 1 लाख 8 हजार का कुल अनुदान हितग्राहियों को मिलेगा।




12- SEP- BSP- P-4 FULL_Layout 1 9/12/2025 11:55 AM Page 1






सोनाली राजपूत
जन नायक एवं उत्कृष्ठ
तखतपुर के लाड़ले विधायक
मा. श्री धर्मजीत सिंह जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
राजेन्द्र राजपूत
भाजपा सदस्य
दिनेश राजपूत
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य
भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ छ.ग.
संकलनकर्ता
राजू सिंह ठाकुर
हरिभूमि प्रतिनिधि
तखतपुर


संघर्षों से जिनका नाता है गांव गली जिसको भाता है।
मन मे गाँव का भाव ऐसे है हमारे नेता धर्मजीत...
जन नायक एवं तखतपुर के लाड़ले विधायक
मान. श्री धर्मजीत सिंह जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मा. श्री धर्मजीत सिंह जी
विधायक- तखतपुर
संतोष कौशिक (गुरुजी)
विशाल सिंह
वरुण सिंह
राकेश छाबड़ा
दिनेश साहू
मंडल अध्यक्ष-विजयपुर
कामता कुलमित्र
महामंत्री-विजयपुर
देवेन्द्र कश्यप
महामंत्री-विजयपुर
श्रीमती ललिता संतोष कश्यप
जिला पंचायत उपाध्यक्ष
संतोष कश्यप
पूर्व मंडल अध्यक्ष-विजयपुर
विनीत- भारतीय जनता पार्टी मंडल विजयपुर, विधानसभा तखतपुर
संकलनकर्ता
टेकचंद कारड़ा
हरिभूमि प्रतिनिधि, तखतपुर

12- SEP- BSP- P-7 FULL_Layout 1 9/13/2025 1:01 AM Page 1






मा. श्री संतोष कौशिक
जिला उपाध्यक्ष भाजपा
(पूर्व जिला पंचायत सदस्य)
मा. श्री राजू सिंह क्षत्रीय
पूर्व विधायक तखतपुर
संसदीय सचिव छ.ग. शासन
वरुण सिंह ठाकुर
विशाल सिंह ठाकुर
यशस्वी विधायक
श्री धर्मजीत सिंह जी
विधायक तखतपुर
को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
अनिल कौशिक
पूर्व सरपंच
मोहन डोंगरे
पूर्व सरपंच सम्बलपुरी
राजेश यादव
अवतार मानिकपुरी
विधायक प्रतिनिधि NGC
पूर्व पार्षद
मनोज सोनकर
अध्यक्ष व्यापारी संघ सकरी
पूर्व पार्षद,
निलेश सिंह
सुरेश यादव
पूर्व पार्षद
पप्पू साहू
पूर्व पार्षद
प्रभात साहू
पूर्व पार्षद
अक्षय श्रीवास
युवा नेता
मंगल साहू
अध्यक्ष अकांक्षा बिल्डर्स सकरी
विजय यादव
महामंत्री युवा मोर्चा
संकलनकर्ता :- टेकचंद कारड़ा हरिभूमि प्रतिनिधि, तखतपुर


जीवेत शरदः शतम्
उत्कृष्ठ एवं लाड़ले विधायक तखतपुर
मा. धर्मजीत सिंह जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
शैलेन्द्र सिंह
अध्यक्ष -सरपंच संघ तखतपुर
सरपंच- ग्राम पंचायत केकती
श्रीमती अम्बालिका कश्यप
उपाध्यक्ष - सरपंच संघ तखतपुर
सरपंच- ग्राम पंचायत निगारबंद
श्रीमती इंद्राणी देवा सिंगरौल
सचिव- सरपंच संघ तखतपुर
सरपंच- ग्राम पंचायत चितावर
नागेश्वर वर्मा
सह सचिव- सरपंच संघ तखतपुर
सरपंच- ग्राम पंचायत गनियारी
देवा सिंगरौल
सरपंच प्रतिनिधि
चितावर
सौजन्य से : ग्राम पंचायत केकती एवं समस्त ग्रामवासी
संकलनकर्ता
टेकचंद कारड़ा
हरिभूमि प्रतिनिधि, तखतपुर

12- SEP- BSP- P-10 FULL_Layout 1 9/13/2025 1:10 AM Page 1









आप दीर्घायु हों
उत्कृष्ट एवं लाड़ले विधायक तखतपुर
श्री धर्मजीत सिंह जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
मा. धर्मजीत सिंह
विधायक तखतपुर
संतोष कौशिक
विशाल सिंह
राकेश छाबड़ा
देवेन्द्र गुप्ता
राकेश तिवारी
सुरेन्द्र छाबड़ा
सौजन्य से : नगर पालिका परिषद, तखतपुर
संकलनकर्ता
टेकचंद कारड़ा
हरिभूमि प्रतिनिधि, तखतपुर

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 13 सितंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255






माता के आगमन से शहर होगा गुलजार

नवरात्रि पर्व का सबसे बड़ा उत्सव दुर्गा पूजा शारदीय नवरात्र 22 सितंबर से प्रारंभ हो रहा है, शहर में विभिन्न समितियों द्वारा माता के आगमन को भव्य बनाने जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। गोलबाजार नवयुवक दुर्गात्सव समिति द्वारा भी माता के आगमन को खास बनाने कई आयोजन कर रही है, गोलबाजार समिति का 63वां वर्ष है, यहां 62 सालों से मां की श्रृंगारिक मूर्ति ही स्थापित की जाती है। यहां इस बार मां का दरबार सोलह श्रृंगार की सामग्री से बनाया जा रहा है। वहीं मां की 15 फीट की श्रृंगारिक मूर्ति स्थापित होगी, इसके अलावा मां का आगमन 23 सितंबर को होगा।



# जगराता, आतिशबाजी व महाआरती के साथ मां दुर्गा का होगा स्वागत


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मां के आगमन पर उज्जैन का डमरू, रायपुर की स्केटिंग रंगोली, मेरठ से मां काली, राधा-कृष्ण और भगवान शंकर की झांकी मंगाई जा रही है, साथ ही मां का 501 दीपों से महाआरती होगी, आतिशबाजी और लाइट शो से माता का भव्य आगमन किया जाएगा।

इसी तरह आदर्श दुर्गात्सव समिति गोंड़पारा द्वारा भी 50 वे वर्ष पर वृहद आयोजन कर रही है, यहां 21 सितंबर को माता का अगामन रखा गया है,जिसमें प्रसिध्द कलाकार दुकालु यादव द्वारा भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तिमय माहौल में जगराता का आयोजन होगा। शहर में नवरात्रि के प्रथम दिन से ही समितियों द्वारा माता का आगमन कराया जा रहा है,सप्तमी से स्थापना कर माता की विधि विधान से पूजा की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि शहर में ट्रेंड बदल रहा है, माता के विसर्जन के अलावा अब आगमन में भी समितियां लाखों खर्च कर रही है, यह ना सिर्फ नई परंपरा की शुरूवात है बल्कि दुर्गा उत्सव में भव्यता प्रदान करने का एक शानदार तरीका भी है।





## आगमन में छत्तीसगढ़ की दिखेगी झलक

आदर्श दुर्गात्सव समिति के अध्यक्ष जवाहर सराफ ने बताया की 50 वे वर्ष पर बिलासपुर की महारानी का भव्य आगमन किया जा रहा है, इस महाभव्य आगमन पर सात से अधिक प्रकार की झांकिया, बस्तर का बाजा, रॉवत नाच,करमा सहित कई नृत्यों बाजों की प्रस्तुति होगी। छत्तीसगढ के पारंपरिक नृत्य व बाजा का यहां पर प्रदर्शन होगा। यह आगमन खाटु श्याम मंदिर से प्रारंभ होकर रिवर व्यू रोड तक आएगा। आकर्षक आतिश बाजी होगी जो शहर में आकर्षण का केन्द्र रहेगी।

## मुंबई के कलाकार एरियल एक्ट की प्रस्तुति देंगे

नवयुवक समिति के पूर्व अध्यक्ष अर्पित केशरवानी ने बताया की माता का आगमन जगमल चौक से गांधी चौक, जूना बिलासपुर होते हुए



लाल बहादुर शास्त्री मैदान होगा। यहां 501 दीपों से मां की महाआरती होगी, इसके बाद यहां अल्का चंद्राकर का जगराता होगा। वहीं आगमन में डीजे-धुमाल पर नाचते हुए भक्त करेंगे। इसमें मेरठ की राधा-कृष्ण, मां काली और भगवान शिव और 15 फीट के कछुए पर मां लक्ष्मी के सवार होने की झांकी रहेगी। मुंबई के कलाकर एरियल एक्ट की प्रस्तुति देंगे। उज्जैन का डमरू दल, रायपुर की स्केटिंग रंगोली, राजनांद गांव से आए पिजड़े में दो शेर, फायर शो, कानपुर की नाचने वाली घोड़ी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहेगी।

## ट्रेन के दौर से माता के आगमन तक की परंपरा

गोलबाजार समिति के सरंक्षक पूर्व महापौर राजेश पांडेय ने बताया की 60 वर्ष पूर्व कलकत्ता से ट्रेन में माता की प्रतिमा को लेकर आगमन होता था,तब से समिति यहां दुर्गा पूजा करते आ रही है। समिति द्वारा शहर में माता के भव्य आगमन की शुरूवात भी की जिसे अब हर समितियां मां के आगमन को खास बनाने जुटी हुई है। यह नई परंपरा शहर में दुर्गा पूजा को और भी खास बना रही है।

आयोजन

## जल संरक्षण, पौधरोपण पर जागरूकता रैली




**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती के अवसर पर स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय में स्वच्छता, पानी बचाओ, पेड़ लगाओ विषय पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता, जल संरक्षण और वृक्षारोपण के महत्व को बढ़ावा देना और छात्रों, क्षेत्र के लोगों में जागरूकता पैदा करना था। रैली में स्वच्छता, जल संरक्षण और वृक्षारोपण के महत्व को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में डॉ आर के सचदेव ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन आएगा जागरूकता कार्यक्रम में डॉ आर के सचदेव, डॉ बी के त्रिपाठी, डॉ प्रेमलता वर्मा, डॉ अविनाश सिंह ठाकुर, प्रो कृतिका साहू, प्रो सिद्धांत शर्मा, ऋषि कुमार अग्रवाल, संतोष सोनदेर्य और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

धर्म-क्षेत्र

## पंचमी पर पितरों का किया गया पूजन, 21 को होगा समापन

**बिलासपुर।** पितरों के प्रति श्रद्धा,समर्पण व्यक्त करने का पर्व पितृपक्ष चल रहा है, पितरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने, उनकी पूजा-आराधना और तर्पण-अर्पण के विधान सात सितंबर से चल रहा है,इस दिन मातृकुल के पितरों आदि का तर्पण करने का विधान है। पंडित देवेंद्र प्रसाद त्रिपाठी ने बताया की शुक्रवा की दोपहर



1.20 बजे तक पंचमी रही इसके बाद षष्ठी तिथि लग गई, शनिवार की सुबह 11.04 बजे तक ही षष्ठी रहेगी। ऐसे में 12 सितंबर को पंचमी व षष्ठी तिथि का श्राद्ध किया गया। 15 सितंबर को मातृ नवमी में माताओं का श्राद्ध,18 सितंबर को द्वादशी तिथि में संन्यासियों का श्राद्ध किया जाएगा। सनातन संस्कृति में पितरों को समर्पित यह पक्ष 21 सितंबर आश्विन अमावस्या तक रहेगा, उसी दिन पितृ विसर्जन किया जाएगा। 22 सितंबर को आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से मां आदिशक्ति की आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्र आरंभ हो जाएगा।

शिविर

## ज्ञान से वंचित, आलसी, भ्रमित बुद्धि के लोग नहीं लेते भगवान की शरण

**बिलासपुर।** ब्रह्मा कुमारीज़ शिव अनुराग भवन राज किशोर नगर में पितृ पक्ष के विशेष अवसर पर ब्रह्मा कुमारी मंजू दीदी ने पूर्वजों के आवाहन, क्षमादान और श्रीमद् भगवद गीता के सातवें अध्याय 'ज्ञान-विज्ञान योग' के महत्व पर एक ज्ञानवर्धक उद्बोधन दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि पितृ पक्ष केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि श्रद्धा,



आत्म-चिंतन और आत्म-परिवर्तन का अनमोल समय है। मंजू दीदी ने बताया कि पितृ दोष हमारी अपनी नकारात्मक सोच और कर्मों का परिणाम है, विशेष रूप से जीते जी माता-पिता या बड़ों को मनसा, वाचा, कर्मणा से ठेस पहुँचाने का। उन्होंने सभी को हृदय की गहराई से क्षमा मांगने और भविष्य में किसी के भी साथ गलत व्यवहार न करने की प्रेरणा दी, क्योंकि आत्मा अपने साथ संस्कार लेकर जाती है। दीदी ने समझाया कि सूक्ष्म रूप में उपस्थित पूर्वजों को प्रेम, शांति और शक्ति का दान देने से वे तृप्त होकर हमें दुआएं और आशीर्वाद देते हैं। अपने उद्बोधन में, दीदी ने आत्मा के अजर-अमर और अविनाशी स्वरूप को समझाया, यह बताते हुए कि आत्मा एक शरीर को छोड़कर दूसरे शरीर को धारण करती है।

कार्यक्रम

## बसंत के सपनों का प्रतिमान है डीएलएस, स्थापना दिवस मना



**बिलासपुर।** डीएलएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय का 28 वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के पितृ पुरुष स्व दशरथ लाल शर्मा एवं 28 वर्ष पूर्व महाविद्यालय की नींव रखने वाले संस्थापक व प्रेरणा पुरुष स्व बसंत शर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। महाविद्यालय के संरक्षक संजय शर्मा ने डी.एल.एस. कॉलेज की 28 वर्षों की यात्रा को साझा करते हुए बताया कि कैसे यह संस्थान अल्प समय में ही शहर के शीर्ष महाविद्यालयों में स्थान बना चुका है। प्राचार्य डॉ प्रताप पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में स्व बसंत शर्मा के दूरदर्शी विजन को रेखांकित करते हुए कहा कि महाविद्यालय निरंतर उनकी बताई राह पर अग्रसर है और शिक्षा तथा विकास के नए आयाम गढ़ रहा है। महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या डॉ. रंजना चतुर्वेदी ने भी स्व बसंत शर्मा जी को स्मरण करते हुए महाविद्यालय की निरंतर प्रगति की शुभकामनाएँ दीं।

# अग्रवाल समाज की 600 महिलाओं ने म्यूजिकल हौजी का लिया आनंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अग्रवाल महिला समिति के द्वारा अग्रसेन भवन में एक साथ 600 महिलाओं के बीच म्यूजिकल हौजी का खेल खेला गया एवं मनोरंजन वाले खेल में जीतने वाली 85 महिलाओं को चांदी के सिक्के तथा चांदी के गिलास आकर्षक उपहार भी दिए गए। कार्यक्रम में समय पर उपस्थित होने वाली महिलाओं को भी चांदी के गिलास एवं सिक्कों का उपहार दिया गया। समाज के बच्चों को मिलाकर अग्रसेन भवन में आज 800 महिलाओं की उपस्थिति में लगभग 5 घंटे तक गीत संगीत का आनंद भी लिया। अग्रसेन जयंती समारोह के अवसर पर अग्रसेन भवन में आयोजित कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी को सम्मानित भी किया गया। अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष शिव अग्रवाल, सचिव सुनील सोथालिया, अनिल अग्रवाल, नवयुवक अग्रवाल समिति के अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, मनीष अग्रवाल,कपिल जाजोदिया, नितिन बेरीवाल, सौरभ अग्रवाल अनन्य बजाज ,मनीष अग्रवाल का श्रीफल एवं साल से महिला समिति की अध्यक्ष रंजना अग्रवाल , सचिव वंदना जाजोदिया ने सम्मानित किया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शिव अग्रवाल ने कहा है कि अग्रसेन जयंती के अवसर पर 15 दिनों से चल रहे अनेक आयोजन में अग्रवाल समाज की महिलाओं की भागीदारी रही है। महिलाओं के बिना अग्रवाल समाज का इतना बड़ा आयोजन संभव नहीं था। अग्रवाल महिला समिति ने बहुत अच्छा आयोजन किया है। आज 1 मंच पर 800 से अधिक महिलाओं को एकत्र कर महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ाया है। महिलाओं के दम पर ही अग्रसेन जयंती समारोह पर समाज के द्वारा अनेक आयोजन किया जा रहे हैं। जिसमें महिलाओं तथा युवाओं की बड़ी भागीदारी है।

# माताशबरी कॉलेज में एलुमिनी मीट



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासकीय माता शबरी नवीन गर्ल्स पीजी कॉलेज में छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती के उपलक्ष्य में भव्य एलुमिनी मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 15 पूर्व छात्राएँ उपस्थित रहीं,जिन्होंने अपने अनुभव वर्तमान छात्राओं के साथ साझा किए। पुराने और नए छात्राओं के बीच संवाद का यह अवसर भावनात्मक और प्रेरणादायी रहा।

कार्यक्रम के अंतर्गत विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईं। प्रश्न मंच, भाषण प्रतियोगिता एवं ग्रुप डिस्कशन ने छात्राओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच दिया, भाषण का विषय "छत्तीसगढ़ : दशा और दिशा" रहा, जबकि ग्रुप डिस्कशन "छत्तीसगढ़ का विकास युवाओं की दृष्टि में" विषय पर केंद्रित रहा। छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए राज्य के विकास में युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया। इसी कड़ी में एक रैली का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। पोस्टर प्रतियोगिता का विषय "छत्तीसगढ़ 2001 से लेकर अब तक" रखा गया, वहीं परिचर्चा का केंद्र बिंदु "रजत जयंती तक का सफर" रहा। इन सभी गतिविधियों ने कार्यक्रम को शिक्षाप्रद और रोचक बना दिया।

उल्लेखनीय है कि छात्राओं ने सभी कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। आयोजन प्राचार्य डॉ के के भंडारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति की भूमिका सराहनीय रही। समिति की प्रभारी एवं सदस्यगण डॉ शोभा महेश्वर, डॉ ईशा बेला, डॉ आरती सिंह, डॉ वंदना, डॉ बेला महंत, डॉ सुरेखा एवं डॉ यतिनंदनी का विशेष सहयोग रहा।

स्पोर्ट्स न्यूज

# निशानेबाजी में दिल्ली पब्लिक स्कूल ने जीते 23 पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य स्तरीय निशानेबाजी प्रतियोगिता रायपुर में आयोजित हुई, जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल के 27 सदस्यीय टीम ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया एवं 23 पदक प्राप्त किए। खेल विभाग प्रमुख मनोज कश्यप ने बताया कि राज्य स्तरीय निशानेबाजी में दिल्ली पब्लिक स्कूल को 23 पदक प्राप्त हुए। जिसमें एक स्वर्ण पदक, सात रजत पदक एवं 15 कांस्य पदक शामिल है। निशानेबाजी प्रशिक्षक पवन दुबे ने बताया की सभी निशानेबाज कड़ी मेहनत बड़ी लगन और ईमानदारी के साथ कर रहे हैं जो कि आगामी राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। निशानेबाजों की इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य जसपाल सिंह मथ,प्रशासनिक अधिकारी आर सी मोहंती चीफ प्रशासनिक अधिकारी एस एन पाठक, खेल विभाग प्रमुख मनोज कश्यप,रॉबिंसन जॉन, राज नारायण सिरमौर, निरूपा विश्वास, निशानेबाजी कोच पवन दुबे, अनुपम वर्मा एवं अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी।

## इन खिलाड़ियों ने जीता पदक

डीपीएस स्कूल के संजय अग्रवाल एक स्वर्ण पदक, ऋषभ निगम दो रजत एवं तीन कांस्य पदक, प्रतिक चड्ढा दो रजत एवं एक कांस्य पदक, हर्षित अग्रवाल एक रजत एवं एक कांस्य पदक, अदवित गुप्ता एक रजत पदक, आयुष्मान सोनी एक कांस्य पदक, मोहम्मद अदीब खान एक कांस्य पदक, अनुश्री श्रीवास्तव एक कांस्य पदक, इवाना जिसो चेरियन एक कांस्य पदक, विनिशा केशरवानी एक कांस्य पदक, वैभव केशरवानी एक रजत पदक, ऋषभ गुप्ता एक कांस्य पदक , डॉ अभिषेक कलवानी एक कांस्य पदक, कुलदीप सिंह उइके एक कांस्य पदक, तन्मय लजारूस कुजूर एक कांस्य पदक, काव्या शुक्ला एक कांस्य पदक, तथा प्रिया मिंज पदक के साथ सभी निशानेबाजों ने प्री नेशनल एवं ऑल इंडिया जी. वी. मावलंकर के लिए अहृता प्राप्त किया। कुबेर सिंबल,श्रीयस जायसवाल,अरनव मिश्रा,अनमोल बंजारे, समृद्धि चौधरी, आराध्या, आकृति त्रिवेदी, आर्या सिंह, कोनिका चंद्राकर, कास्वी गुप्ता का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा।



## कबड्डी में बिलासपुर की टीम रही विजेता

संभाग स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता कबड्डी बालक एवं बालिका का आयोजन स्व बी आर यादव स्टेडियम में हुआ,मैच बिलासपुर और रायगढ़ के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें बिलासपुर की टीम ने रायगढ़ को 37/21 के मुकाबले में 16 अंकों से हराकर प्रथम स्थान पर रही। बालिका वर्ग में बिलासपुर और मुंगेली के बीच फाइनल मुकाबला हुआ, जिसमें बिलासपुर ने मुंगेली को 61/08 अंकों के मुकाबले में 53 अंकों से हराकर प्रथम स्थान हासिल किया।


जीवेत शरदः शतम्
श्री शिवा माली
स्व. श्री शंकर माली जी
नीरज माली
श्रीमती भारती माली
सभापति जिला पंचायत सदस्य बिलासपुर
मान. श्री डॉ. धर्मजीत सिंह जी
के जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
रमन मिरी
ललन चंद्राकर
अभिनव तिवारी
गोविंद सेठी
बाबा पाण्डेय
विश्राम कौशिक
रामचंद्र यादव
अनुप मिरी
विवेक सैनी
गुलजीत खुराना
बाबी त्रिपाठी
संजू पाण्डेय
रिंकू माली
रवि मेहर
अशोक नवरंग
देव माली
योगेश पाण्डेय
सुदीप यादव
शैलेन्द सिंह
अमृत वस्त्रकार
संतोष अवस्थी
विनोद यादव
खरगहना सरपंच
संत राम लहरे
मोती
संजय
लक्ष्मी प्रसाद खांडे
गुड्डू निर्मलकर
पन्ना कौशिक
प्रतिभा यादव
सुमित्रा टंडन
रमा कौशिक
सुकृता लहरे
नीरा सोनवानी
ललिता वस्त्रकार
संगीता कुर्रे
संजय टंडन
घिसल यादव
गुरूजी
रोहित साहू
नरेन्द्र साहू
राम धुन
अरमान भाई
संदीप
बब्बन
संजय कश्यप
विश्राम कौशिक
मोहन पाटले
संकलनकर्ता
टेकचंद कारड़ा
हरिभूमि प्रतिनिधि
तखतपुर

12- SEP- BSP- P-14 FULL_Layout 1 9/12/2025 12:24 PM Page 1






संतोष कौशिक गुरूजी
भाजपा जिला उपाध्यक्ष, बिलासपुर
राकेश तिवारी
जनपद उपाध्यक्ष, तखतपुर
जन नायक, विकास पुरुष
एवं तखतपुर के लाड़ले विधायक
मान. श्री धर्मजीत सिंह जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विशाल सिंह विक्की
भाजपा नेता
विनय श्रीवास
भाजपा नेता
शुभचन्द डहरिया
पूर्व सरपंच अमेरी
कमल सिंह
भाजपा नेता
राज कश्यप
भाजपा नेता
निखिल श्रीवास
भाजपा नेता
संकलनकर्ता:- राकेश तिवारी, हरिभूमि प्रतिनिधि सकरी, मो. 9300327303


विकास पुरुष, जन-जन के नेता, तखतपुर विधायक
मान. धर्मजीत सिंह जी
के जन्मदिन पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं...
संजय यादव
पार्षद
निलेश सिंह
राज कश्यप
विशाल सिंह
संकलनकर्ता:- राकेश तिवारी, हरिभूमि प्रतिनिधि सकरी, मो. 9300327303


विकास पुरुष, जन-जन के नेता, तखतपुर विधायक
मान. धर्मजीत सिंह जी
के जन्मदिन पर
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं...
सौरभ पाण्डेय
निलेश सिंह
राज कश्यप
उमेश तावड़कर
संकलनकर्ता:- राकेश तिवारी, हरिभूमि प्रतिनिधि सकरी, मो. 9300327303


गरीबों के मसीहा, तखतपुर के विकास पुरुष
मान. श्री धर्मजीत सिंह जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्रीमती वर्षा साहू
राजकमल साहू
महामंत्री- किसान मोर्चा सकरी मंडल
प्रांत उपाध्यक्ष- युवा साहू संघ बिलासपुर
विकास पुरुष
श्री धर्मजीत सिंह जी
संतोष कौशिक
राकेश तिवारी
विशाल सिंह
राजाराम साहू
देवीलाल साहू
शिवाय साहू
सिया साहू
दिनेश साहू
ताराचंद्र साहू
चंद्रकमल साहू
सौजन्य से : राज प्रॉपर्टी एण्ड कंस्ट्रक्शन, सकरी, बिलासपुर मो.नं.9827965173, 7000363833
संकलनकर्ता
राकेश तिवारी
हरिभूमि प्रतिनिधि सकरी


संतोष कौशिक
जिला उपाध्यक्ष भाजपा बिलासपुर
विशाल विक्की सिंह
भाजपा नेता
राकेश तिवारी
उपाध्यक्ष ज.पं. तखतपुर
मान. डॉ. धर्मजीत सिंह जी
विधायक तखतपुर
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
कैलाश वस्त्रकार
सतीश अवस्थी
विनीत- शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ तखतपुर


जन नायक एवं तखतपुर के लाड़ले विधायक
मान. श्री धर्मजीत सिंह जी को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मान. श्री धर्मजीत सिंह जी
विधायक तखतपुर
विशाल सिंह विक्की
भाजपा नेता
राकेश तिवारी
उपाध्यक्ष- जनपद पंचायत तखतपुर
संतोष कौशिक गुरूजी
जिला उपाध्यक्ष बिलासपुर
अनिल पप्पू शर्मा
वरिष्ठ भाजपा नेता
SHARMA JI
FOOD COURT
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पास
नेहरू चौक, बिलासपुर
संकलनकर्ता:- राकेश तिवारी
हरिभूमि प्रतिनिधि सकरी, मो. 9300327303

12 SEPT- BSP-PG-20_Layout 1 9/13/2025 12:24 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### विमोचन व सम्मान महोत्सव कल

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय दिवस में अंतरराज्यीय साहित्य शिरोमणि सम्मान समारोह का आयोजन 51 साहित्यकारों का सम्मान छत्तीसगढ़ कायस्थ परिवार एवं लोक संचेतना फाउंडेशन ट्रस्ट उत्तरप्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में 14 सितम्बर को दोपहर 2 बजे पं. देवकीनंदन दीक्षित सभागृह में किया जाएगा। इसके मुख्य अतिथि पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति वीरेन्द्र कुमार सारस्वत होंगे। समारोह में साहित्यकार मकरध्वज श्रीवास्तव की कृति समर्पण एवं स्पंदन साझा हिंदी संग्रह पुस्तक का विमोचन होगा। इसमें छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, बिहार, झारखंड प्रदेश से साहित्यकार, कवि, गायक, संगीतज्ञ, समीक्षक, लेखक व उपन्यासकार शामिल होंगे।

### पितृ पक्ष पर श्रीमद भागवत कथा 15 से

**बिलासपुर।** पितरों के उद्धार के लिए श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन लखीराम आडिटोरियम में 15 से 21 सितम्बर तक किया जाएगा। इसमें कथा व्यास आचार्य अमर कृष्ण कथा करेंगे। भक्तों की समर्थता कथा के पूरी व्यवस्था या खर्च की नही है पर अपने पितरों के लिए कथा कराना चाहते हैं उनके लिए ये अवसर भक्ति ज्ञान रस धारा परिवार के प्रयासों से करने का संकल्प है। इसे भक्त अपने पितरों की तस्वीरों को रखकर एवं मूल पाठ तर्पण पूजन एवं कथा श्रवण कर पितरों को तृप्त कर सकते हैं। पितरों की अप्रसन्नता के कारण ही परिवार में कलह व्यापार में रुकावट संतान में बाधा एवं पितृदोष जैसी स्थिति उत्पन्न होती है।

### पैसे नहीं देने पर मारपीट आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शराब के लिए रूपए नहीं देने पर मोहल्ले की महिला से गाली गलौज व मारपीट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अटल आवास सकरी निवासी प्रार्थिया ने पुलिस को बताया है कि उसका लड़का मोहल्ले में खेल रहा था। इसी दौरान मोहल्ले का भकालू भार्गव उसे शराब पीने के लिए रूपए की मांग करने लगा। आरोपी ने रूपए नहीं देने पर महिला के साथ गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट की। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने डेनिस भार्गव उर्फ भकालु पिता प्रेम सिंह भार्गव उम्र 18 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान कालोनाइजर को स्टे नहीं, अगली सुनवाई 20 अक्टूबर को

# 17 साल पहले 19 एकड़ में बनी कालोनी अवैध निगम सभी जमीनों का करेगा अधिग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- रायपुर रोड में सेक्टर डी के पास मंडपम भवन के बाजू में की गई थी अवैध प्लाटिंग

रायपुर रोड में सेक्टर डी के पास मंडपम भवन के बाजू में 19 एकड़ में बन रही अवैध कॉलोनी और प्लाटिंग की जांच के लिए बनी दस सदस्यीय जांच समिति ने कलेक्टर को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। समिति ने कालोनी को अवैध मानते हुए अधिग्रहण की बात कही है। दूसरी ओर कालेनाइजर ने इसे गलत बताते हुए हाईकोर्ट में अपील की है। हालांकि कालोनाइजर को किसी प्रकार का स्टे कोर्ट से नहीं मिला है। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान निगम ने अपना जवाब पेश कर दिया, जबकि शासन की ओर से 20 दिन का समय मांगा गया। कोर्ट ने इसे स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई 20 अक्टूबर तय की है। निगम का कहना है कि 2008 में एडिशनल कलेक्टर ने इस कालोनी की विकास अनुज्ञा को निरस्त कर दिया था। इसके बाद भी प्लाटिंग और जमीन की खरीदी बिक्री गलत है।

दरअसल शैलेंद्र कुमार जायसवाल (कॉलोनाईजर), बद्रीप्रसाद जायसवाल, राजेंद्र जायसवाल, विरेंद्र कुमार जायसवाल, सुरेंद्र कुमार जायसवाल, सुभाष कुमार जायसवाल, शैल जायसवाल, श्रीमती अर्चना जायसवाल एवं आभा जायसवाल (सभी भूस्वामी निवासी) निवासी-हाईकोर्ट रोड द्वारा ग्राम तिफरा में कुल रकबा 19.35 एकड़ पर कालोनी विकसित की जा रही है। इसमें खसरा नं 1367/9, 1369/2, 1370/2, 1357, 1369/3, 1355/7, 1371, 1372/2, 1356/1, 1356/2, 1366/1, 1355/4, 1355/6, 1388, 1369/5, 1370/5, 1367/10, 1368/2, 1355/8, 1367/11. 1368/3, 1367/13, 1368/5, 1075/1ख, 1075/1 ग, 1355/10, 1355/5, 1367/12, 1368/4, 1369/4, 1370/4, 1372/1 पर कालोनी की अनुमति टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से दी गई थी।



तिफरा स्थित कालोनी।

### कमिश्नर कोर्ट ने की है अनुमति निरस्त

गौरतलब है कि कालोनी में गड़बड़ियों और नियम शर्तों का पालन नहीं करने पर अतिरिक्त कलेक्टर ने इस विकास अनुज्ञा एवं कॉलोनी विकास की अनुमति को निरस्त कर दिया था। इसके बाद कालोनाईजर शैलेंद्र जायसवाल द्वारा न्यायालय आयुक्त, बिलासपुर संभाग के समक्ष अपील की गई। प्रकरण में कमिश्नर कोर्ट ने अतिरिक्त कलेक्टर के आदेश को सही माना और अपीलार्थी शैलेन्द्र जायसवाल की अपील अमान्य कर दी गई। कालोनाइजर द्वारा कॉलोनी विकास अनुमति निरस्त होने के बाद भी टुकड़ों में अवैध प्लाटिंग कर विक्रय किए जाने की शिकायत कलेक्टर को मिली।

### जमीन अधिग्रहण के लिए नोटिस जारी

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने तिफरा के सेक्टर डी स्थित उल्लेखित खसरा नंबरों की भूमि के अवैध विक्रय की जॉच के लिए कलेक्टर ने जांच समिति का गठन किया। इस समिति ने कलेक्टर को सौंपी रिपोर्ट में कहा है कि नियमों का पालन किए बिना प्लाटिंग की जा रही है। इसके बाद अब नगर निगम की ओर से रायपुर रोड स्थित मंडपम भवन के पास की 19 एकड़ जमीन के अधिग्रहण के लिए नोटिस जारी किया गया है। जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर नगर निगम ने अधिनियम 1956 की धारा 292 के तहत कार्रवाई शुरू की है। इसमें कालोनी का अधिग्रहण, भू खंडों के अंतरण को शून्य करना और बिल्डर पर कानूनी कार्रवाई संभव है। निगम ने मामले में 15 सितंब तक दावा आपत्ति भी मंगाई है।

### नोटिस जारी किया गया

नगर निगम की ओर से रायपुर रोड स्थित मंडपम भवन के पास की 19 एकड़ जमीन के अधिग्रहण के लिए नोटिस जारी किया गया है। निगम ने मामले में 15 सितंबर तक दावा आपत्ति भी मंगाई है। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। कालोनाइजर को कोर्ट से स्टे नहीं मिला है।

**– अमित कुमार**
निगम आयुक्त

### निगम की कार्रवाई गलत

2008 में अतिरिक्त कलेक्टर ने कालोनी की विकास अनुज्ञा को निरस्त कर दिया था। इसके खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की गई है। 20 अगस्त को हुई सुनवाई में कोर्ट ने कालोनी विकास और मेंटेनेंस करने का अधिकार हमें दिया है। निगम की कार्रवाई गलत है।

**– शैलेन्द्र जायसवाल**
कालोनाइजर

# थाने में गाड़ियां चलवाने का झांसा देकर युवक से ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- आरोपी पर केस दर्ज

शहर के थानों में गाड़ी चलवाकर लाखों रूपए कमाने का झांसा देने वाले आरोपी पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। ट्रेवल्स संचालक व पार्टनर ने मिलकर बिरकोना के कुछ युवक व परिचितों को झांसा देकर पहले लाखों रूपए की गाड़ी खरीदवा ली। वहीं थाने में गाड़ी लगवाने के लिए 30 हजार रूपए भी ले लिया। पुलिस मामले की जानकारी मिलने के बाद आरोपी की तलाश कर रही है।

मामला सिविल लाइन थाने में दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि बिरकोना में रहने वाले युवक और उसके परिचित को झांसा देकर आरोपियों ने ठगी को अंजाम दिया है। कन्हैया धीवर(49) चिकन सेंटर में काम करता है। उसने पुलिस को बताया कि उसलापुर और सकरी में पल्लवी ट्रेवल्स व राधारानी ट्रेवल्स का कार्यालय है। ट्रेवल्स के पार्टनर-मैनेजर किशोर कुमार शर्मा, केयर टेकर रुपेंद्र शुक्ला और उसकी पत्नी श्रद्धा शुक्ला ने उसे पुलिस लाइन और शहर के अन्य थाने में गाड़ियां चलवाने का झांसा देकर नई गाड़ियां खरीदवा ली। गाड़ियां चलवाने के बदलने उसे किराए मिलने की बात कही गई। इस दौरान एक माह में बोलेरो का 70 हजार रुपये, स्कार्पियो का 60 हजार से 90 हजार, आर्टिगा का 30 हजार और इनोवा का एक लाख रुपये किराया तय किया गया। पुलिस लाइन थाने में गाड़ियां लगवाने पर हूटर, बत्ती और वायरलेस के नाम पर एक गाड़ी का 30 हजार से एक लाख तक रुपये डिपाजिट कराया गया। इस बीच प्रार्थी कन्हैया ने नई गाड़ियां लेकर पुलिस लाइन में लगवा दिया। परिचितों की कुछ गाड़ियों को आरोपी निजी उपयोग करने लगे। सभी गाड़ियों के मालिकों को दो महीने बाद किराया मिलने का आश्वासन दिया गया। कुछ दिनों तक ऐसा ही चलता रहा, लेकिन समय बीतने पर पता चला कि किराए के रूप में मिले रुपये भी आरोपियों ने हजम लिया है। प्रार्थी कन्हैया धीवर और सूरज लहरे समेत अन्य लोगों ने सिविल लाइन थाने में शिकायत की है। इस पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी पुलिस की पहुंच से दूर है।

### लंबे समय से चल रहा है गोरखधंधा

दरअसल शहर के ज्यादातर थानों में किराए की गाड़ियां चल रही हैं, इसमें रसूखदारों की गाड़ियां भी शामिल है। हूटर, पुलिसिया गाड़ी की आड़ में कई बार आम लोगों पर रौब झाड़ते नजर आते है। कई बार आला अधिकारियों से इसकी शिकायत भी हो चुकी है, लेकिन इस पर रोक नहीं लगाई जाती है।

## कम्प्यूटर दुकान में चोरी, लाखों का माल पार

**बिलासपुर।** कोनी थाना क्षेत्र के गांव पौंसरा स्थित कम्प्यूटर दुकान में चोरों ने हाथ साफ करते हुए लाखों का माल पार कर दिया है। चोरी को अंजाम देने के लिए चोर बकायदा छत की टिन तोड़कर दुकान में घुसे और गल्ले में रखे नकद रूपयों के साथ ही कम्प्यूटर पार्ट भी चोरी कर लिया है। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मामले के अनुसार ग्राम बुढ़तीपारा मेनरोड पौंसरा निवासी मोहित सूर्यवंशी पिता गोपाल सूर्यवंशी की दुकान है। 11 सितंबर को रोज की तरह दुकान बंद कर रात 10.30 बजे घर चले गए। शुक्रवार की सुबह 8 बजे दुकान पहुंचें। इस दौरान दुकान में लगी टिन की छत कटी हुई है। दुकान खोलकर अंदर जाने पर उन्हें चोरी का अंदेशा हुआ।इस दौरान दुकान में कागज बिखरे हुए थे और टेबल ड्राज से नकद रूपए, प्रिंटर, कम्प्यूटर पार्टस अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रेलवेकर्मी को बाइक सवार ने मारी टक्कर, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** रेलवे के सिग्नल विभाग में काम करने वाले रेलकर्मी को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इससे रेलकर्मी को पैर में काफी चोट आई और उनकी स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गई। रेलकर्मी ने घटना की शिकायत पुलिस में की है। मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिरगिट्टी महिमा नगर निवासी संतोषा कुमार पिता मोहन कुमार रेलवे के सिग्नल विभाग में काम करते हैं। उनकी ड्यूटी गतौरा स्टेशन में लगाई गई है। शुक्रवार की सुबह 8 बजे वे अपने व साथी मुन्ना राठौर के साथ घर से निकलें। इस दौरान वे अपने दोस्त की स्कूटी क्रमांक सीजी 10 एजे 5912 में सवार थे, वे देवरीखुर्द के पास पहुंचे थे कि गदा चौक से तेजरफ्तार में आ रहा बाइक क्रमांक सीजी 10 ईक्यू 3118 के चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों स्कूटी सवार सड़क पर गिर गए। इस दौरान रेलकर्मी को पैरों में चोट आई और स्कुटी क्षतिग्रस्त हो गई। उन्होंने लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाने वाले आरोपी के खिलाफ तोरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## मवेशी की तस्करी, वाहन मालिक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बिलासपुर।** उत्तरप्रदेश और उड़ीसा में मवेशी की तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने कार्रवाई की है। रतनपुर पुलिस ने मामले में 17 मवेशी के साथ गाड़ी को जब्त किया है। वहीं मामले में वाहन मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है, उसके कब्जे से अन्य वाहनों की बरामदी की गई है, लेकिन कुछ आरोपी मौका पार कर फरार हो चुके हैं। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

रतनपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि नेशनल हाइवे से रतनपुर की ओर आ रही आयशर वाहन सीजी 04 पीटी 8078 में 17 मवेशी हैं, जिसमें 2 भैंसे मर चुके हैं। पुलिस ने गाड़ी को रोकवाया। खास बात यह है कि बिना चारा पानी के मवेशियों को ठूंस ठूंसकर गाड़ी में भरा गया था और उत्तर प्रदेश के बुचड़खाने ले जाया जा रहा था। इसकी जानकारी आला अधिकारियों को दी गई। जिसके बाद अन्य आरोपियों की तलाश शुरू की गई। इस दौरान आरोपी वाहन स्वामी गुरूवेन्द्र नागरची के ओडिशा के उद्धवन,कोमना जिला नुआपाड़ा में होने की सूचना मिली। एसडीओपी द्वारा टीम बनाई गई और ओडिशा रवाना की गई। पुलिस ने आरोपी वाहन स्वामी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पिकअप व 2 माजदा जब्त कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में एसडीओपी कोटा श्रीमती नुपूर उपाध्याय, थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह राजपूत, मेलाराम कठौतिया, सउनि दिनेश तिवारी, दिनेश कांत, हितेन्द्र लोनिया, महादेव कुजूर का विशेष योगदान रहा।







